# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

**नाशिक | Friday, 25 September 2026**


## राजस्थान मे ग्रंाम विकास अधिकारी के 850 पदों पर निकली भर्ती, जानिए योग्यता, आयु सीमा और आवेदन प्रक्रिया।

Publisher
Published on 19 Jun 2025




# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने ग्राम विकास अधिकारी के 850 पदों के लिए भर्ती अधिसूचना जारी की, आवेदन 19 जून से 18 जुलाई तक।

राजस्थान के युवाओं के लिए **सरकारी नौकरी** पाने का सुनहरा मौका सामने आया है। **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB)** ने **ग्राम विकास अधिकारी (VDO)** के 850 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए राजस्थान के गांवों में विकास कार्यों को गति देने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।

**पदों का विवरण :**
**पद का नाम :** ग्राम विकास अधिकारी (Village Development Officer)
**कुल पद :** 850
**विभाग :** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान
**आवेदन प्रक्रिया शुरू:** 19 जून 2025
**आवेदन की अंतिम तिथि :** 18 जुलाई 2025
**ऑफिशियल वेबसाइट :** https://rsmssb.rajasthan.gov.in

**शैक्षणिक योग्यता क्या होनी चाहिए ?**
१. **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (Graduation) की डिग्री।**

**साथ ही निम्न मे से कोई एक कंप्यूटर योग्यता :**

**O लेवल सर्टिफिकेट (DOEACC)**
**कंप्यूटर साइंस/एप्लीकेशन मे डिप्लोमा**
**CPCT/RS-CIT जैसे राज्य स्तरीय कंप्यूटर कोर्स**

**आयु सीमा और छूट :**
१. **न्यूनतम आयु :** 18 वर्ष
२. **अधिकतम आयु :** 40 वर्ष

**आरक्षित वर्ग को नियमानुसार छूट :**
सामान्य वर्ग की महिलाएं, **SC/ST/OBC/EWS पुरुष : 5 साल की छूट**
**SC/ST/OBC/EWS महिलाएं: 10 साल की छूट**

आवेदन शुल्क:

| श्रेणी | शुल्क (₹) |
|---|---|
| **सामान्य / क्रीमी लेयर OBC/MBC** | **600 रुपये** |
| **नॉन-क्रीमी लेयर OBC/MBC, SC/ST/दिव्यांग** | **400 रुपये** |

शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**चयन प्रक्रिया :**
उम्मीदवारों का चयन **लिखित परीक्षा** के आधार पर किया जाएगा।
**परीक्षा पैटर्न:**
**कुल प्रश्न :** 160 (MCQ)
**कुल अंक :** 200
**परीक्षा समय :** 3 घंटे
**नेगेटिव मार्किंग :** 1/3 अंक हर गलत उत्तर पर
**परीक्षा विषय :हिंदी, अंग्रेजी भाषा,गणित,राजस्थान सामान्य ज्ञान, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, कृषि और आर्थिक संसाधन,बेसिक कंप्यूटर ज्ञान**

कैसे करें आवेदन ?
१. **आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से किए जा सकते है।**
२. **आवेदन की तिथि : 19 जून से 18 जुलाई 2025**
३. **आधिकारिक वेबसाइट :** https://rsmssb.rajasthan.gov.in

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.